उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 109/2025/1393/छप्पन-2025-05/2013
लखनऊ: दिनांक 10-12-2025

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ में प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर कार्यरत श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) को शासन के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2116/छप्पन-2012-35/2010 दिनांक 03 जनवरी, 2013 द्वारा नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 31,000/- पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिये संविदा पर नियुक्त किया गया था। श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अन्तिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या-128/2023/1669/छप्पन-2023-05/2013 दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 द्वारा प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर संविदा अवधि बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश संख्या- 52/2025/697/ छप्पन-2025-17/2014 दिनांक 19 मई, 2025 के अनुसार वर्तमान पारिश्रमिक रू0 1,02,581/- है।

2- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्या-1222/ए0टी0आई0/संविदा/2014 दिनांक 16 अक्टूबर, 2025 के माध्यम से श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) की संविदा अवधि दिनांक 07 जनवरी, 2026 से अग्रेत्तर दो वर्ष (अर्थात 06 जनवरी, 2028 तक) के लिए बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में यथोचित निर्णय लेते हुए आवश्यक शासनादेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया गया है।

3- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ में प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर कार्यरत श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) की संविदा अवधि दिनांक 07 जनवरी, 2026 से अग्रेत्तर दो वर्ष (अर्थात 06 जनवरी, 2028 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

5- श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

ईशान प्रताप सिंह
विशेष सचिव

संख्या: 109/2025/1393(1)/छप्पन-2025, तदिनांक ।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट को इस आशय से प्रेषित कि श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- श्री मुकेश सिंह मेहता, प्रवक्ता (एवियानिक्स), नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।